हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार 21 जुलाई 2026


तापमान

अधिकतम 33 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 27 .0 डिग्री से.




10 गांव खरकरामजी में डेंगू रोधी माह मनाया



10 प्रत्येक समस्या का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित...


## खबर संक्षेप

### दो दिन से गायब व्यक्ति का शव तालाब में मिला

**जींद।** गांव मलिकपुर से दो दिन पहले संदिग्ध हालात में गायब हुए व्यक्ति का शव गुरूद्वारा के सामने बने तालाब से बरामद हुआ है। शव की हालात को देखते पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई रोहतक ले जाया गया है। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मिलकपुर निवासी संदीप (38) गत 17 जुलाई देर शाम को गायब हो गया था। परिजनों ने तलाशा लेकिन उसका कोई सुराग नही लगा। सोमवार को संदीप का शव गांव के गुरूद्वारे के सामने बने तालाब मे तैरता देख गया।

### घर का ताला तोड़कर, लाखों के जेवरात और नकदी चोरी

**जींद।** रोहतक रोड के भगवान नगर में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर लाखों रुपये कीमत के जेवरात तथा नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भगवान नगर निवासी सौरभ ने शिकायत में बताया कि परिवार समेत दिल्ली गया था। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने का हार, कानों की बाली, 12 जोड़ी पाजेब , आठ सोने की अगूठी,आठ चांदी की चुटकी चोरी कर ली।

### निर्माणाधीन मकान से तार और पाइप चोरी

**जींद।** उचाना मंडी में निर्माणधीन मकान से बिजली की तारें तथा स्टील पाइपें चोरी होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। उचाना मंडी निवासी रामकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मकान का निर्माण कर रहा है। रात को चोरों ने मकान से तीन बंडल बिजली तारें तथा स्टील की पाइपों को चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने रामकेश की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रंजिशन हमला करने पर दो के खिलाफ केस

**जींद।** गांव अलेवा में रजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अलेवा निवासी बलजीत ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी पड़ोसी गौरव से कहासुनी हो गई थी। गौरव तथा अनिल ने उसे रास्ते में घेर कर तेजधार हथियारो से हमला कर दिया। जिसमे उसे काफी चोटें आई। अलेवा थाना पुलिस ने बलजीत की शिकायत पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मुनाफा दिखाकर लगाया डेढ़ लाख रुपये का चूना

**जींद।** साइबर ठगों ने ऐविगेटर गेम खेलने मे मुनाफा दिखाकर एक युवक को डेढ़ लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अमरावली निवासी रवि ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 18 जुलाई को उसने इंस्टाग्राम पर एड देखी थी। जिसमे एविगेटर गेम खेलने पर मुनाफा बताया गया था। जिस पर उसने एड पर क्लिक पर कर दिया। जिसके साथ गेमिंग एप डाउन लोड हो गया।

### 2.290 किलो ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित दो पकड़े

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल ने थाना कलायत क्षेत्र से 2 किलो 290 ग्राम गांजा फूल-पत्ती सहित दो आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई राजेश की टीम अपराध रोकथाम व गश्त के दौरान कलायत क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली की विकास निवासी कालवन, जिला जींद तथा रिंकू उर्फ संजू निवासी लक्ष्मी नगर, नरवाना बाइक पर गांजा लेकर कलायत में सप्लाई करने आने वाले हैं।

## तीन दिन से आकाश में घुमड़ रहे बादल, किसानों को अच्छी बारिश की दरकार, बिजली की खप्त बढ़ी

# हल्की फुहारों से मिली उमस-गर्मी से राहत

## बिजली के अघोषित कटों ने बढ़ाई आमजन की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में सोमवार को तीसरे दिन भी आकाश में मानसून के बादल घुमड़ते रहे। शहर तथा आसपास इलाके में हल्की फुहार भी गिरी। बावजूद इसके मौसम में जबरदस्त उमस बनी रही। हालांकि लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली और अधिकतम तापमान में भी चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। आकाश में बादल छाए रहने से बारिश के आसार भी बने रहे। सोमवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 71 प्रतिशत तथा हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 24 जुलाई तक आकाश में बादल छाए रहने के साथ कहीं हलकी तो कहीं मध्यम बारिश हो सकती है। जिले मानूसन को फिर एक्टिव हुए तीन दिन बीत चुके हैं। हर रोज आकाश में बादल घुमड़ रहे हैं लेकिन बारिश नही हो रही है। मौसम में जबरदस्त उमस बनी हुई है। सोमवार दोपहर को शहर तथा आसपास इलाकों में हल्की फुहार भी पड़ी। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई लेकिन मौसम में उमस लगातार बनी रही। जिसने लोगों को काफी परेशान किए रखा। लोग पसीने से तरबतर होते रहे। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार भी बने रहे। मानसून सीजन में खुल कर बारिश न होने के कारण बिजली की खप्त भी रिकार्ड बढ़ी है। लोड ज्यादा होने के कारण ट्रांसफार्मर तथा तकनीकी फाल्ट भी लगातार आ रहे हैं। बिजली के अघोषित कट भी लग रहे हैं। हालांकि बिजली विभाग का कहना है की यह कट न होकर उमस के कारण लाइन अपने आप ट्रिप हो रही है। गत 17 जुलाई को बिजली की खप्त 145.29 लाख यूनिट तक जा पहुंची थी। किसानों का कहना है कि बारिश की फसलों को अच्छी जरूरत है। बारिश न होने के कारण उन्हें नहरी पानी तथा टयूबवैलों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। उमस से भी फसलों पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है। पीछले तीन दिन से आकाश में बादल भी छा रहे है। बारिश भी नही हो रही। अब फसलों को अच्छी बारिश की जरूरत है।



**जींद।** खेत में धान रोपाई करते मजदूर। *फोटो :हरिभूमि*

### शिकायत दर्ज के बाद भी नहीं आई बिजली

शहर के सेक्टर 6, 7, 8, 9, 10 के अलावा डिफेंस कॉलोनीए अर्बन एस्टेट, सफीदों रोड, ओम नगर, कृष्णा कॉलोनी, भटनागर कॉलोनी, भारत नगर, राम कॉलोनी, श्याम नगर, संत नगर, कैथल रोड, नरवाना रोड, हकीकत नगरए पटेल नगर में रात को पांच बार 30-30 मिनट के कट लगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी बिजली के बार.बार जाने से खासा परेशान हुए। कॉलोनियों और गांवों में उपभोक्ताओं ने रात के समय बार-बार बिजली जाने की शिकायत कीए लेकिन बिजली नहीं आने से लोगों को उमस भरी गर्मी में रात गुजारनी पड़ी। बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता विनोद पूनिया ने बताया कि अनावश्यक बिजली की खपत से बचें और किसी भी तकनीकी खराबी की सूचना तुरंत निगम के शिकायत केंद्र पर देंए ताकि जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल की जा सके। ओवरलोड की समस्या के कारण कट लगाने पड़ रहे हैं।

### 1100 शिकायतें दर्ज

बिजली निगम सर्कल में पिछले दो दिनों के दौरान करीब 1100 शिकायतें दर्ज हुई हैं। इनमें सबसे अधिक शिकायतें लो वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग, फ्यूज उडने और बिजली आपूर्ति बाधित होने की रहीं। उपभोक्ताओं का कहना है कि शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कई स्थानों पर समय पर समाधान नहीं हो पा रहा हैए जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

### भीषण उमस और गर्मी के बीच जिले में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही

मानूसन के फिर से एक्टिव होने से बारिश की आस जागी है। गांव पांडू पिंडारा मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मानसून फिर से एक्टिव हो चुका है। 24 जुलाई तक आकाश मे बादल छाए रहने के अलावा कही कही हल्की तो कही मध्यम बारिश हो सकती है। उन्होंने किसानो को सलाह दी कि वे कृषि से संबंधित कार्य मौसम को देख करे। भीषण उमस और गर्मी के बीच जिले में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। पहली बार जिले की दैनिक बिजली खपत 145 लाख यूनिट के पार पहुंच गई है। बढ़ती मांग के कारण बिजली निगम का वितरण तंत्र दबाव में आ गया है।

### बड़ी परेशानी....





### बिजली के आने-जाने से लोगों की बढ़ी परेशानी

जिले में लगातार बढ़ रही बिजली खपत के कारण अधिकांश 11 केवी फीडर ओवरलोड होने से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार बिजली कटौती हो रही है। रातभर बिजली के आने.जाने से लोगों की नींद हराम हो गई है जबकि दिन में भी कई इलाकों में घंटों आपूर्ति बाधित रही। बढ़ती खपत के कारण ट्रांसफार्मर और फीडरों पर अत्यधिक लोड पड़ रहा है। रविवार रात को कई स्थानों पर 11 केवी लाइन में तकनीकी खराबी आने से आपूर्ति प्रभावित हुई। निगम की टीमें लगातार मरम्मत कार्य में जुटी रही लेकिन लगातार बढ़ रही शिकायतों के कारण व्यवस्था चरमराई रही। शहर के सेक्टर 8, सेक्टर 9, पांडू पिंडारा पावर हाउस, बोहतवाला, सिंधवीखेड़ा, सीआरएसयू, सिटी फीडर रात को ओवरलोड हो गए। ओवरलोड कम करने के लिए कट लगाने पड़े वहीं खेतों की सप्लाई बंद करनी पड़ी।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

- पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद-कैथल मार्ग पर नगूरां सरस्वती पब्लिक स्कूल के समीप रविवार देर शाम को एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर तौर से घायल हो गए। घायलों को परिजनों द्वारा उपचार के लिए जींद के नागरिक अस्तपाल में दाखिल कराया गया। जहां चिकत्सकों द्वारा नगूरां निवासी 32 वर्षीय युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर सोमवार को नगूरां निवासी मृतक युवक के चाचा के ब्यान दर्जकर शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप कर मामले में ट्रैक्टर चालक नगूरां निवासी जसबीर के खिलाफ तेज रफ्तार लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने का केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए ब्यान में नगूरां निवसी शिवकुमार ने बताया कि रविवार देर शाम को भतीजा जितेंद्र उर्फ जीपा गांव के ही अमित उर्फ मीतु के साथ बाइक पर सवार होकर जींद-कैथल मार्ग से होते हुए खेत से कार्य करने के बाद घर आ रहे थे कि गांव के सरस्वती पब्लिक स्कूल के समीप सबमर्सीबल मोटर निकालने की मशीन के साथ जुड़े ट्रैक्टर लेकर आ रहे नगूरां निवासी जसबीर द्वारा तेज रफ्तार लापरवाही से चलाते एक दम कट मार दिया। जिससे पीछे बाइक पर आ रहे भतीजे का संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर के साथ टक्कर हो गई। टक्कर लगने के बाद भतीजे समेत बाइक पर सवार दोनों युवक सड़क पर गिर कर गंभीर तौर से घायल हो गए।

## करंट से सांड की मौत पर भड़के ग्रामीण, लगाया जाम

- एसडीओ के आश्वासन के बाद आधे घंटे में खुला जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव फरल में मुख्य गली के पास लगे बिजली ट्रांसफार्मर के निकट करंट की चपेट में आने से गांव का एक सांड की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली निगम के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ढांड-पूंडरी मार्ग पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ट्रांसफार्मर के पास लटक रही नंगी तारों और जर्जर व्यवस्था की शिकायत कई बार बिजली निगम को दी गई, लेकिन अधिकारियों ने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की। इसी लापरवाही के चलते सांड की जान चली गई। ग्रामीणों का कहना था कि यदि समय रहते व्यवस्था दुरुस्त कर दी जाती तो यह हादसा नहीं होता और भविष्य में यहां कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार घटना के बाद भी बिजली निगम के अधिकारियों को सूचना दी गई, लेकिन काफी देर तक कोई कर्मचारी या अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे नाराज ग्रामीणों ने ढांड-पूंडरी रोड पर जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना था कि जब तक ट्रांसफार्मर और गांव में ऐसे सभी खतरनाक बिजली प्वाइंटों को ठीक नहीं किया जाएगा, तब तक जाम नहीं हटाया जाएगा। जाम की सूचना मिलते ही पूंडरी थाना से एसआई बहादुर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे।



**पूंडरी।** गांव म्योली में ग्रामीणों को समझाते हुए अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

### खामियों को ठीक करवाया

बिजली निगम ढांड के एसडीओ हरि सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों से ट्रांसफार्मर के पास की खामियों को तुरंत ठीक कराया गया। गांव में जहां-जहां भी ट्रांसफार्मर या अन्य बिजली प्वाइंट खतरनाक स्थिति में हैं, उन्हें भी शीघ्र दुरुस्त करवाने की कार्रवाई की जाएगी।

### बेटा क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में होने का भय दिखा एक लाख ठगे

**जींद।** क्राइम ब्रांच कर्मी बन कर रेलवे कर्मी को उसके बेटे की गिरफ्तारी का भय दिखा कर एक लाख ठगने का मामला सामने आया। साइबर थाना पुलिस ने रेलवे कर्मी की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गांव रूपगढ़ निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रेलवे में कार्यरत है। गत 18 जुलाई को डयूटी पर था। उसी दौरान व्हाट्सअप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को क्राइम ब्रांच से बताया। जिसने कहा कि आपके लड़के का किसी उसके दोस्त ने गलत प्रयोग किया है। उस लड़के के साथ आपके बेटे को भी पकड़ लिया है। फिर दो मोबाइल नंबर देकर एक लाख उनके खाते में जमा करवाने तथा लड़के को छुड़वाने की बात कही।



**जींद।** रेलवे जंक्शन पर खड़ी हाइड्रोजन ट्रेन। *फोटो :हरिभूमि*

### हाइड्रोजन ट्रेन की सुविधाएं आ रही यात्रियों को रास

**जींद।** देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के अंदर डिब्बों में मिलने वाली सुविधाएं यात्रियों को बहुत रास आ रही हैं। हाइड्रोजन ट्रेन जींद से सोनीपत के लिए चलती है और लगभग दो घंटे के सफर में यात्री ट्रेन में ही मोबाइल व लैपटॉप चार्जिंग पर लगाकर बैठे हुए थे। ट्रेन में मैट्रो जैसी सुविधाएं देख कर यात्री भी हैरान हैं। हाइड्रोजन ट्रेन की खिड़कियां भी मैट्रो ट्रेन की तरह ही खुलती हैं। हालांकि यात्रियों की संख्या कम है और पिछले दो दिनों में हाइड्रोजन ट्रेन में 40 यात्रियों ने ही सफर किया है। जींद से रविवार व सोमवार को 20-20 यात्री हाइड्रोजन ट्रेन में सोनीपत के लिए रवाना हुए। आने वाले दिनों में हाइड्रोजन ट्रेन में यात्रियों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है। सोमवार को यार्ड से निकलर ट्रेन प्लेटफार्म नंबर एक पर हाइड्रोजन ट्रेन पहुंची। इसके बाद सात बजकर 40 मिनट पर ट्रेन सोनीपत के लिए रवाना हुई। ट्रेन के अंदर डिस्पले स्क्रीन लगी हुई है। इस पर अगले स्टेशन और उस पर पहुंचने का समय भी दर्शाया जाता है।

## एनडीसी पोर्टल पर 91 प्रॉपर्टी आईडी से छेड़छाड़ के मामले की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल नगर परिषद की मीडिया में आ रही एनडीसी पोर्टल पर 91 प्रोप्टी आईडी से छेड़छाड़ कर लाखों रुपये का भ्रष्टाचार का मामला तूल पकड गया है। कैथल नगर परिषद के एनडीसी पोर्टल पर 91 प्रॉपर्टी आईडी से कथित छेड़छाड़ के मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला नगर आयुक्तकपिल ने जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। डीएमसी ने 20 जुलाई को नगर परिषद कैथल के सचिव मोहन लाल के नेतृत्व में 5 सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी एन.डी.सी. पोर्टल पर एडमिन आईडी के माध्यम से हुई कथित छेड़छाड़ की विस्तृत जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट 7 दिनों के भीतर डीएमसी को सौंपेगी। जांच समिति में नगर परिषद कैथल के सचिव मोहन लाल के अलावा नगर परिषद कैथल के एम.ई. वरुण शर्मा, नगर पालिका कलायत के अकाउंटेंट सचिन, नगर पालिका राजौंद के जे.ई. अश्वनी तथा नगर परिषद कैथल की सहायक मनीषा को शामिल किया गया है। अब इस मामले में सभी की निगाहें जांच कमेटी की रिपोर्ट पर टिकी हैं। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि कथित छेड़छाड़ किस प्रकार हुई, इसके लिए कौन जिम्मेदार है और प्रशासन इस मामले में आगे क्या कार्रवाई करता है।

### नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी

डीएमसी कपिल कुमार ने स्पष्ट कहा कि मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी होगी तथा यदि जांच में किसी अधिकारी, कर्मचारी या अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**पूंडरी।** नया कैथल रेलवे स्टेशन के पास रविवार रात के समय जींद से कुरुक्षेत्र जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से कवारतन गांव के एक युवक की मौत हो गई। शुरुआती तौर पर घटना को सुसइड माना जा रहा था, लेकिन राजकीय रेलवे पुलिस की जांच में सामने आया कि युवक ट्रेन की चपेट में हादसे का शिकार हुआ। घटना के कारण अगले स्टेशन के अधीक्षक को सूचना देने के कारण ट्रेन को रेलवे फाटक से पहले ही रोकना पड़ा, जिससे करीब 15 मिनट तक फाटक बंद रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जीआरपी कैथल की जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल सीमा रानी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। तलाशी लेने पर आधार कार्ड मिला, जिसके आधार पर पहचान गांव कवारतन निवासी 23 साल दीपक के रूप में हुई।

## अस्पताल में कुत्ते बेखौफ होकर घूम रहे, कभी भी मरीजों पर कर सकते हैं हमला

# जींद: नागरिक अस्पताल में निदेशक के आदेश हवा-हवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद जिले के नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के सख्त आदेशों के बावजूद स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण से बाहर है। स्वास्थ्य निदेशक ब्रह्मदीप के स्पष्ट निर्देशों के बाद भी अस्पताल परिसर में आवारा कुत्तों का आतंक जारी है। मरीजों और उनके परिजनों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बढ़ गई है। ऐसा नही है कि स्वास्थ्य विभाग के पास कर्मियों की कमी हो। बावजूद इसके कोई भी अपनी जिम्मेवारी को निभाना उचित नह समझता है। नागरिक अस्पताल की लैब के पास कुत्तों का बैठे रहना आम है। स्वास्थ्यकर्मी तो इन कुत्तों को नही भगाते बल्कि अस्पताल में आए मरीज ही दूसरों की सेफ्टी को लेकर इन कुत्तों को भगाने का काम करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य निदेशक ब्रह्मदीप ने भी अस्पताल का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्हें भी अस्पताल में कुत्ता मिला था। तब उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए थे लेकिन आदेशों पर कोई कार्रवाई नही हुई। स्थानीय नागरिकों और अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों के अनुसार अस्पताल में कुत्ते बेखौफ घूमते हैं। स्वास्थ्य कर्मी भी इन कुत्तों को हटाने की बजाय उन्हें अनदेखा कर अपना काम जारी रखते हैं। अगर यह कुत्ते किसी मरीज को काट लें तो उसे अपनी बीमारी के साथ-साथ कुत्ते के काटे का भी उपचार करवाना होगा। कुत्ते के काटने की घटना हो गई तो जिम्मेदार कौन होगा। कई बार कुत्ते भौंकते हैं तो बच्चे और बुजुर्ग घबरा जाते हैं। सुरक्षा गार्डों की भूमिका भी संदिग्ध है। वे कुत्तों को देखकर भी आंखें बंद कर लेते हैं। नागरिक अस्पताल जींद में रोजाना हजारों मरीज आते हैं।



**जींद।** नागरिक अस्पताल में लैब के पास बैठा कुत्ता। *फोटो :हरिभूमि*

### मामला संज्ञान में आया है: डॉ. राजेश भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने इसे लेकर स्वास्थ्यकर्मियों, वार्ड हैल्परों व अन्य कर्मियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। सभी कर्मियों को सख्त आदेश दिए गए हैं कि कुत्ते या अन्य जानवर किसी भी तरीके से अस्पताल के अंदर नही आने चाहिए।



**पूंडरी।** पारस शर्मा के बयान का खंडन करते गेस्ट टीचर यूनियनों के प्रतिनिधि।

### गेस्ट टीचरों के खिलाफ हलफनामा देने का लगाया आरोप

**पूंडरी।** हरियाणा की विभिन्न गेस्ट टीचर यूनियनों ने रविवार को संयुक्त प्रेस नोट जारी कर पारस शर्मा द्वारा दिए गए बयान का कड़ा विरोध किया। यूनियनों ने कहा कि पारस शर्मा किसी भी पंजीकृत गेस्ट टीचर यूनियन के महासचिव नहीं हैं और उनके द्वारा दिया गया बयान गेस्ट टीचरों की भावनाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता। प्रेस नोट में कहा गया कि गेस्ट टीचर सरकारी कर्मचारी हैं और सरकारी कर्मचारी किसी भी राजनीतिक दल का प्रचार या समर्थन नहीं करता। इसलिए पारस शर्मा के बयान का गेस्ट टीचर समुदाय से कोई संबंध नहीं है। यूनियनों ने उनके वक्तव्य की निंदा करते कहा कि इससे 11 हजार से अधिक गेस्ट टीचर परिवारों के हित प्रभावित हो सकते हैं। यूनियनों का आरोप है कि सरकार ने गेस्ट टीचरों को नियमित करने से जुड़े मामलों में न्यायालय में उनका समर्थन करने के बजाय उनके खिलाफ हलफनामे दायर किए हैं। उनका कहना है कि 10 वर्ष एवं 3 वर्ष की नीति के तहत नियमितीकरण से जुड़े मामलों में भी सरकार का पक्ष गेस्ट टीचरों के विरोध में रहा है।

## खबर संक्षेप

### नहीं दबा सकते युवाओं की आवाज, संघर्ष जारी

**नरवाना।** सोनम वांगचुक के समर्थन में आयोजित संसद मार्च में शामिल होने के लिए दिल्ली जा रहे युवाओं को पुलिस ने रास्ते में ही हिरासत में ले लिया। इस दौरान युवा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रशासन की कार्रवाई पर नाराजगी जताते कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। संसद मार्च में शामिल होने जा रहे युवा नेता अभिषेक नैन कान्हा खेड़ा, सुखदेव उझाना और प्रवेश मलिक सहित कई युवाओं को दिल्ली पहुंचने से पहले ही हिरासत में लिया गया।

### शिविर में पहुंची पीपीपी व पेयजल से जुड़ी शिकायतें

**उचाना।** उपमंडल कार्यालय सभागार में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की गई। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम रमित यादव ने की, जबकि विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। यादव ने बताया कि शिविर में विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने परिवार पहचान पत्र (पीपीपी), बिजली निगम तथा पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याएं रखीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सीएम से जुड़े बेलरखा के एसएमसी सदस्य

**नरवाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि, बेलरखा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम सीधा संवाद के अंतर्गत विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर की विद्यालय प्रबंधन समितियों से संवाद किया। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया की इस अवसर पर प्रधानाचार्य बलजीत गोयत, मुख्य शिक्षक सुरेंद्र पातलान, वरिष्ठ विंग के एसएमसी प्रधान अमित कुमार, जूनियर विंग के एसएमसी प्रधान बलिंदर शर्मा, शिक्षक प्रतिनिधि प्रदीप जागलान व राकेश कुमार, पूर्व एसएमसी प्रधान सुखबीर शर्मा एवं अजमेर सिंह, सदस्य विक्रम सिंह, संजय काला, लक्ष्मी तथा सचना सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत दिलाई शपथ

**जींद।** उपस्वास्थ्य केंद्र रुपगढ़ के अंतर्गत गांव कैरखेड़ी में सोमवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को कन्या भ्रूण हत्या रोकने, बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने तथा उनकी शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मी मुकेश रानी, मूर्ति देवी ने ग्रामीणों को संबोधित करते कहा कि बेटियां परिवार, समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं।

### साफ-सफाई से ही डेंगू पर लगेगी रोक : नेहरा

**जींद।** जुलाई माह में मनाए जा रहे डेंगू रोधी माह के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत गांव बरसोला में स्वास्थ्य विभाग ने जनजागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को डेंगू और अन्य मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान एमपीएचडब्ल्यू जयवीर नेहरा, अंजू रानी और सुमित कुमारी ने गांव के विभिन्न स्थानों पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि डेंगू से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका साफ.सफाई और सतर्कता है।

### समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**जींद।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से सोमवार को उपमंडल कार्यालय जुलाना में समाधान शिविर आयोजित किया गया। एसडीएम होशियार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर के दौरान नागरिकों ने बिजली राजस्व सामाजिक सुरक्षा, नगर निकाय ता अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं एसडीएम के समक्ष रखीं।

## उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों को दिए सख्त निर्देश

# प्रत्येक समस्या का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए

### *अधिकारी लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर करें निपटारा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने जिला के सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों में प्राप्त लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाला प्रत्येक नागरिक अपनी समस्या के समाधान की उम्मीद लेकर आता है। ऐसे में सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्य करें और पात्र नागरिकों को समय पर राहत उपलब्ध करवाएं। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि समाधान शिविर का समय पूरी तरह उत्पादक बनाया जाए। शिविर के दौरान लंबित शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से अपलोड की जाए तथा सभी विभाग अपनी एक्शन टेकन रिपोर्ट गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यात्मक तैयार करें। उन्होंने कहा कि पेयजल, सीवरेज, बिजली, सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य जनहित से जुड़े मामलों का निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाली हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारी स्वयं उपस्थित रहें और लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति के साथ भाग लें। उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की शिकायतें सुन रही थी। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक सोमवार और वीरवार को जिला मुख्यालय तथा उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का एक ही स्थान पर समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान उपलब्ध कराना है।



जींद। शिकायतें सुनते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि

#### यह मिली शिकायतें

शिविर में गांव दुड़ाना निवासी विनोद ने बिजली संबंधी शिकायत, गांव मेहरड़ा निवासी धर्मवीर ने अपने प्लॉट पर हुए अवैध कब्जे की शिकायत, आश्रम बस्ती निवासी बलविंद्र ने प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित समस्या तथा गांव शाहपुर निवासी महेंद्र ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दूसरी किस्त नहीं मिलने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की। उपायुक्त ने सभी मामलों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई कर शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी शिकायतों के निपटारे के दौरान संबंधित नागरिक से नियमित संवाद बनाए रखें तथा विभागीय कार्रवाई की जानकारी भी समय-समय पर दें ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट हो और समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने पुनः खोली गई शिकायतों का भी प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इस अवसर पर सीटीएम मोनिका रानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गंद कल्चर, गन कल्चर व समाज में फैली अश्लीलता पर एकत्रित हुई खाप पंचायतें

■ जल्द महापंचायत बुला गायकों को समझाने का किया जाएगा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव हैबतपुर सचिवालय में सोमवार को माजरा खाप हरियाणा, दिल्ली की खाप पंचायतों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता माजरा खाप प्रधान गुरविंदर सिंह संधू ने की। बैठक में पंचायत ने सरकार उस बयान का स्वागत किया गया जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पुलिस प्रशासन को हिदायत दी कि जो गंदा परोस रहे हैं मीडिया पर, उन पर कार्यवाही की जाए। इसके अलावा बैठक में गंद कल्चर, गन कल्चर व समाज में फैली अशीलता पर रोष जताया गया। माजरा खाप के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू, देशवाल खाप के प्रधान संजय देशवाल, दहिया खाप के प्रधान जयपाल दहिया ने कहा कि सरकार का देर से लिया गया अच्छा कदम है लेकिन यह आधा अधूरा है। सरकार कानून क्यों नहीं बना रही है। क्या कोई पैसा खर्च होता है, माजरा खाप प्रवक्ता समुंद्र सिंह फोर ने बताया कि सोशल मीडिया पर विदेश में रह रहे हरियाणा केवल लड़के धर्मेंद्र हुड्डा के उस मिशन का खाप पंचायतों ने स्वागत किया तो मीडिया पर गन कल्चर, गंद कल्चर व अश्लीलता को बंद करने की मुहिम छेड़ रहे हैं। 360 पालम खाप दिल्ली के रामकुमार सोलंकी, संदीप सहरावत ने कहा कि शीध्र ही हरियाणा में सर्व खाप पंचायतों की एक बड़ी पंचायत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें धर्मेंद्र हुड्डा को भी आमंत्रित किया जाएगा ओर सभी कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा व उन्हें समझाने का प्रयास किया जाएगा कि वो गंदा गाने से परहेज करें। सरकार से भी कानून बनाने की मांग की जाएगी। यदि यह गंदा प्रदर्शन करने वाली लड़कियां या लड़के नहीं सुधरे तो इनके गांव में पंचायतें करने की मुहिम शुरू कि जा सकती है।

# जींद: खिलाड़ियों के हित के लिए संसद में गूंजे ब्रह्मचारी

■ खेल मंत्री पर दागा सवाल, मांगा सोनीपत लोकसभा क्षेत्र की सुविधाओं का हिसाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

खेल के क्षेत्र में भाजपा सरकार क्या कुछ कर रही है, मामले में सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने संसद में खिलाड़ियों के हित में बड़ा सवाल उठाया है। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने बताया कि केन्द्रीय खेल मंत्री से सवाल पूछा गया है कि क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री ये बताएगें कि सरकार ने सोनीपत लोक सभा क्षेत्र सहित देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध खेल अवसंरचना, स्टेडियमों, खेल के मैदानों, इनडोर हॉल और प्रशिक्षण सुविधाओं का आकंलन किया है। यदि कुछ किया है तो उसका ब्यौरा सार्वजनिक किया जाए। इसके साथ-साथ यह भी बताया जाए कि क्या सरकार की किसी योजना के अंतर्गत सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में नए खेल स्टेडियम, ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के मैदान या खेलों से संबंधित अन्य सुविधाओं के निर्माण या उन्नयन के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन है। अगर कुछ किया है तो बीते तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान सोनीपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में खेल स्टेडियम, बहुउद्देशीय खेल परिसर अकादमी और खेलों से संबंधित अन्य सुविधाओं के विकास के लिए स्वीकृत और व्यय की धनराशि की तस्वीर सार्वजनिक की जाए।

### प्रमिला को बनाया उचाना महिला हल्का प्रधान

**उचाना।** जजपा ने प्रमिला बड़ौदा को उचाना महिला हल्का प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद पर्मिला बड़ौदा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता पर विश्वास जताकर उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देना उनके लिए सम्मान की बात है। जजपा राष्ट्रीयध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, नैना चौटाला, रजनी मलिक, बृज शर्मा, जोरा सिंह डूमरखां, वीरेंद्र कौशिक सहित संगठन के पदाधिकारियों का धन्यवाद किया। प्रमिला बड़ौदा ने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वह पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगी। संगठन को मजबूत करने, महिलाओं को पार्टी से जोडने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी मेहनत, लगन और ईमानदारी से कार्य करेंगी।

### बीस लाभार्थियों को लेटर ऑफ इंटेंट वितरित



**जींद।** नगर परिषद में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को मकान निर्माण हेतु सहायता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस अवसर पर नगर परिषद जींद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने 20 लाभार्थियों को लेटर ऑफ इंटेंट वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान डा. अनुराधा सैनी ने लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को पक्का घर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे वे अपने पक्के मकान का निर्माण कर सकें और कच्चे घरों या किराये के मकानों से मुक्ति पा सकें। उन्होंने कहा कि इस योजना से लाभार्थियों के जीवन स्तर में सुधार होता है, उन्हें सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिलता हैए साथ ही परिवार के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण में भी वृद्धि होती है। उन्होंने यह भी कहा कि अपना घर होने से बच्चों के भविष्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और परिवार को स्थायित्व मिलता है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक नगर परिषद जींद द्वारा अनेक लाभार्थियों को इस योजना के तहत मकान निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जा चुकी है, जिससे कई परिवारों का अपने घर का सपना साकार हुआ है। इसके साथ ही डा. अनुराधा सैनी ने नगर परिषद जींद द्वारा किए गए विभिन्न विकास कार्यों की भी विस्तार से जानकारी दी।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### उच्च शिक्षा के डिजिटल रूपांतरण विषय पर व्याख्यान

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं उच्च शिक्षा के डिजिटल रूपांतरण विषय एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. गीता गुप्ता एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्षा अंग्रेजी विभाग संयोजिकए आईक्यूएसी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन में डिजिटल तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका है और ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डा. उपासना एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्षा वाणिज्य विभागए हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद रही।

### जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जताया रोष

**नरवाना।** धर्मसिंह कालोनी, ढाकल रोड,राम नगर निवासी काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष आज जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में गंदे पानी की बोतले लेकर पहुंची। महिलाओं ने आरोप लगाया कि वह 3 साल से सिवरेज का गंदा पीने का सप्लाई का पानी पीने को मजबूर है जिससे सारे क्षेत्र में हेपेटाइटिस बी और सी, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बन चुका है। काफी संख्या में लोग बीमार हो चुके है। लेकिन प्रशासन के कानों पर जूं नहीं रेंग रही। महिलाओं ने बताया कि वे लगातार जनस्वास्थ्य के कार्यालय पर चक्कर काटते रहते है लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है। आरोप लगाया कि पानी की सप्लाई छोड़ने वाले कीमैन कृष्ण महिलाओं से बदतमीजी से बात करता है और पानी तो इसी समय और ऐसे ही आएगा कहता है।



महिलाएं पहुंची जनस्वास्थ्य के कार्यालय में साथ में पार्षद आशुतोष शर्मा।



पिंजौर के लिए रवाना होते सीआरएसयू के विद्यार्थी और स्टाफ।

### चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के 11 विद्यार्थियों का दल सोमवार को युवा संवाद एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पिंजौर, पंचकूला रवाना हुआ। चार दिवसीय प्रशिक्षण एवं सहभागिता शिविर 20 से 23 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण वृक्षारोपण व सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। यह दल विश्वविद्यालय के डीन छात्र कल्याण कार्यालय के निर्देशन तथा यूथ वेलफेयर कमेटी द्वारा आयोजित गतिविधियों के अंतर्गत भेजा गया है। सोमवार सुबह विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर से पिंजौर के लिए रवाना किया गया। रवानगी से पहले विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण के महत्व तथा युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।



जुलाना। एसडीएम होशियार सिंह को ज्ञापन सौंपते छात्र। फोटो :हरिभूमि

### पेपर लीक को लेकर छात्रों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जुलाना।** जुलाना कस्बे में पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों में भारी रोष देखने को मिला। सोमवार को बड़ी संख्या में छात्र जुलाना के मुख्य बाजार में एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता नरेंद्र ने की। इसके बाद छात्रों ने एसडीएम होशियार सिंह को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कहा कि बार-बार पेपर लीक की घटनाओं से मेहनत करने वाले युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। लंबे समय तक तैयारी करने के बावजूद परीक्षाएं रद्द होने या विवादों में आने से छात्रों का समयए धन और मानसिक ऊर्जा व्यर्थ हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि भर्ती परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की गई तो युवाओं का विश्वास पूरी व्यवस्था से उठ जाएगा। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसी ठोस व्यवस्था करनी चाहिए जिससे मेहनती अभ्यर्थियों को न्याय मिल सके और भर्ती प्रक्रियाएं समय पर पूरी हों।

# शिक्षक अजय व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भुलपति सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) होशियार सिंह ने कहा कि मेहनत, लगन और ईमानदारी से किए गए कार्य का परिणाम हमेशा सफलता के रूप में मिलता है। हर कर्मचारी यदि निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करे तो प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। एसडीएम होशियार सिंह सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने पर राजकीय



प्राथमिक विद्यालय करसोला के जेबीटी शिक्षक अजय कुमार तथा देवरड़ की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भुलपति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर रहे थे। कहा कि एसआईआर अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इस अभियान को सफल बनाने में शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा अन्य कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया है। ऐसे कर्मियों का सम्मान न केवल उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना है बल्कि अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। एसडीएम ने सम्मानित कर्मचारियों की कार्यशैली की प्रशंसा करते कहा कि उन्होंने अपने दायित्वों का ईमानदारी, जिम्मेदारी और समर्पण के साथ निर्वहन किया। जिसके परिणामस्वरूप उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को अपने कार्य को केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि सेवा भावना के साथ करना चाहिए।



हवन में आहुति देते मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा एवं गणमान्य लोग।

### इंद्र देवता को प्रसन्न करने के लिए किया हवन

**उचाना।** उचाना क्षेत्र में अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर सोमवार को उचाना की कपास मंडी में इंद्र देवता को प्रसन्न करने के उद्देश्य से हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उचाना मंडी के सहयोग से किया , जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारियों, किसानों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हवन में पंडित प्रवीण शर्मा एवं अशोक शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई। हवन पूर्णाहुति के बाद क्षेत्र में समय पर वर्षा, अच्छी फसल और जनकल्याण की कामना की गई। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए हलवा-पूरी के प्रसाद का भंडारा भी लगाया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति और देवताओं की आराधना का विशेष महत्व है। अच्छी वर्षा किसानों और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। इस धार्मिक आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में भरपूर वर्षा, किसानों की समृद्धि तथा सभी के सुख-शांति की कामना की गई है।

## मच्छरों से बचाव को लेकर किया जागरूक

# गांव खरकरामजी में डेंगू रोधी माह मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी में डेंगू रोधी माह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह एवं विजेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तेजवीर सिंह एवं विजेंद्र सिंह ने बताया कि डेंगू एक गंभीर मच्छर जनित बीमारी है लेकिन समय रहते सावधानी अपनाकर इससे पूरी तरह बचाव किया जा सकता है। यदि डेंगू जैसी बीमारी को दूर रखना है तो प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने सभी से प्रत्येक रविवार को सूखा दिवस मनाने की अपील करते हुए कहा कि घरों, दुकानों एवं आसपास के क्षेत्रों में रखे कूलर, पानी की टंकियां, गमले, फ्रिज की ट्रे, बाल्टियां, टूटे बर्तन, पुराने टायर तथा अन्य पानी जमा करने वाले पात्रों को सप्ताह में कम से कम एक बार पूरी तरह खाली कर साफ एवं सूखा रखें। क्योंकि डेंगू फैलाने वाला एडीज एजिप्टी मच्छर साफ एवं ठहरे हुए पानी में ही पनपता है। उन्होंने डेंगू के प्रमुख लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि इस बीमारी में अचानक तेज बुखार आना, तेज सिरदर्द होना, आंखों के पीछे दर्द होना, मांसपेशियों एवं जोड़ों में तेज दर्द, कमजोरी तथा कभी-कभी शरीर पर लाल चकत्ते दिखाई देना प्रमुख लक्षण हैं।





जींद। डेंगू से बचाव को लेकर जागरूकता रैली निकालते स्वास्थ्यकर्मी।

#### सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया

तेजवीर सिंह व विजेंद्र सिंह ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए घरों एवं आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। छतों पर रखी पानी की टंकियों को हमेशा ढक्कन से बंद रखें, कूलर का पानी नियमित रूप से बदलें तथा उसे साफ करके ही दोबारा उपयोग करें। घरों के आसपास बने गड्ढों को मिट्टी से भरवाएं ताकि वर्षा का पानी जमा न हो सके। उन्होंने लोगों से पूरी बाजू के कपड़े पहनने, मच्छर भगाने वाली क्रीम का उपयोग करने तथा कीटनाशक उपचारित मच्छरदानी का प्रयोग करने की भी अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित एमपीएचडब्ल्यू एवं आशा कार्यकर्ताओं से अपने-अपने कार्यक्षेत्र में घर.घर जाकर लोगों को डेंगू की रोकथाम एवं बचाव के प्रति जागरूक करने तथा प्रत्येक रविवार को सूखा दिवस मनाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। सभी ने डेंगू मुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।



जींद। शिविर के समापन पर मुख्यातिथि के साथ मौजूद प्रशिक्षणार्थी।

### फास्ट फूड स्टाल उद्यमी प्रशिक्षण 35 महिलाओं ने पूरा किया

**जींद।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी) जींद में आयोजित 12 दिवसीय फास्ट फूड स्टाल उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया। ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रशिक्षण में 35 महिलाओं ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह में संस्थान के निदेशक सुखबीर दहिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में महिलाएं स्वरोजगार के माध्यम से न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं बल्कि अपने व्यवसाय को बड़े स्तर तक भी पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं प्रशिक्षण के बाद सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत सब्सिडी युक्त ऋण लेकर अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। सुखबीर दहिया ने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण संबंधी फीडबैक भी लिया तथा बैंकिंग सेवाओं और वित्तीय साक्षरता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। इसका उद्देश्य उन बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना है, जिन्होंने कम उम्र में विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं और समाज के लिए प्रेरणा बने हैं। उन्होंने बताया कि इस पुरस्कार के लिए छह प्रमुख श्रेणियां निर्धारित की गई हैं।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए करें आवेदन

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि आगामी धान कटाई सीजन में फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि एवं कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान देने की योजना शुरू कर दी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को समय पर आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराकर पराली प्रबंधन को प्रभावी बनाना और फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाना है। इच्छुक किसान 3 अगस्त तक 50 प्रतिशत अनुदान के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### होटल में दबिश देकर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया

**कैथल।** कैथल पुलिस ने शहर में करनाल बाईपास के पास स्थित फाइव स्टोर होटल में दबिश देकर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने होटल के अलग-अलग कमरों से 3 युवतियां और 4 युवकों को आपत्तिजनक हालत में काबू किया है। पुलिस ने सभी 7 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। युवतियां और युवक बाहर से बताए जा रहे हैं। जांच में सामने आया है कि होटल संचालक बाहर से युवतियों को बुलाकर ग्राहकों से देह व्यापार करवा रहा था।

### ट्रैक्टर चोरी मामले में बेलजंपर आरोपी काबू

**कैथल।** पीओ पकड़ो स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई राजकुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव चंदाना हाल बैंक कालोनी कैथल निवासी अमीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी अमीत पर 27 जनवरी 2021 को किठाना से एक सोनालिका ट्रैक्टर चोरी करने का आरोप है। जिस बारे थाना राजौंद में मामला दर्ज है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, आरोपी जमानत हासिल करने उपरांत कोर्ट में हाजिर में नहीं हुआ था।

### बरसाना में गेस्ट टीचर की यूनियनों की बैठक

**पाई।** सोमवार को पाई के नजदीकी गांव बरसाना में गेस्ट टीचर की सभी यूनियनों की एक बैठक हुई। जिसमें कृष्ण धारसूल , मनोज बेनीवाल, संजीव कैथल, अश्वनी पुंडरी, राजेश शर्मा हिसार, ईसम करोड़ा, राममेहर भोंसले आदि ने भाग लिया। बैठक में गेस्ट टीचर की सभी यूनियनों ने सामूहिक ब्यान दिया है कि पारस शर्मा किसी भी रजिस्टर्ड गेस्ट टीचर यूनियन का महासचिव नहीं है बल्कि वो एक सरकारी दलाल है । इसलिए हम सभी गेस्ट टीचर उसके बयान का खंडन करते है और उसकी निंदा करते हैं।

### युवाओं पर लाठीचार्ज की माकपा ने की कड़ी निंदा

**कैथल।** एन टी ए की विफलता और केंद्र सरकार द्वारा उत्तरदायित्व का निर्वाह न करने के विरोध में आंदोलनरत छात्रों के समर्थन में भूख हड़ताल कर रहे सोनम वांगचूक को केंद्र सरकार के इसारे पर पुलिस द्वारा जबरदस्ती उठाए जाने तथा युवाओं पर लाठीचार्ज किए जाने की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कमेटी कड़ी निंदा करती है। राज्य सचिव कामरेड प्रेम चंद ने प्रेस को विज्ञप्ति जारी करते कहा कि मोदी सरकार आंदोलनरत छात्रों से वार्ता कर मांगों का समाधान करने की बजाय तानाशाही रवैये पर उत्तर आई है।

## शिमला, बिधराना, कलायत व कौलेखां के किसानों का प्रदर्शन

# नहरी पानी की समस्या पर ग्रामीणों ने अधिकारियों को जमकर कोसा

**खास बातें**
- खेतों में खड़ी फसलें नहरी पानी न मिलने के कारण से सूखने के कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** सिंचाई विभाग के उपमंडल अभियंता के सामने अपनी शिकायत रखते उपमंडल के किसान।

नहरी पानी की समस्या को लेकर कलायत के गांव शिमला, बिधराना, कलायत व कौलेखां के किसानों ने सिंचाई विभाग कार्यालय में प्रदर्शन किया। किसानों का कहना था कि उनके खेतों में खड़ी फसलें नहरी पानी न मिलने के कारण से सूख रही हैं। गांव शिमला के किसान जोरा सिंह ने कहा कि इस समय खेतों में धान की फसल फुटाव की स्थिति पर है। पानी की सबसे अधिक आवश्यकता है। 10 जुलाई को सिरसा पैरलल नहर में पानी आया पर तीन दिन में वह बंद भी हो गया। नियम के हिसाब से पानी 7 दिन तक चलना था। उन्होंने आरोप लगाया की सिरसा पैरलल से पानी कम करके सुदकैन व धमतान माइनरों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो हैड पर पानी का स्टाक होता है उसे लिफ्ट करके अन्य माइनरों में छोड़ दिया जाता है। सिरसा पैरलल माइनर पर पडने वाले किसानों के खेत सूख रहे हैं और फसल बर्बाद हो रही है। इसके लिए विभाग पूरी तरह से जिम्मेवार है। यदि किसान की फसल को पानी ही नहीं मिलेगा तो वह पैदावार कहां से लेगा। भाकियू के खंड प्रधान जिले सिंह ने कहा कि सिरसा पैरलल कलायत उपमंडल के किसानों के लिए जीवन रेखा का काम करती है। इस नहर से इस क्षेत्र के खेतों को सींच कर ही किसान अन्न का उत्पादन करते हैं। इस माह में विभाग ने किसानों को केवल तीन दिन ही नहरी पानी दिया। जोकि पूरी तरह से अनैतिक है। इस क्षेत्र का नहरी पानी अन्य क्षेत्रों में दिए जाने से किसान पूरी तरह से उद्वेलित हैं और खराब होती फसल को देख किसान कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष 15 जुलाई के बाद इस नहर के माध्यम से किसान को पूरा पानी मिलता रहा है पर इस साल किसान को साथ धोखा हो रहा है। पानी के साथ ही खेती है और यहां का पानी अन्य माइनरों में दिया जा रहा है। यह कलायत उपमंडल के किसानों के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि विभाग के उपमंडल अभियंता ने उन्हें दो दिन का समय दिया है। अगर दो दिनों में नहरी पानी किसान को नहीं मिला तो विभाग के कार्यालय के सामने किसानों द्वारा पक्का टेंट गाड़ दिया जाएगा।

**दो दिन में होगा समाधान**

सिंचाई विभाग के उपमंडल अभियंता अखिल कौशिक ने बताया की उनके पानी नहरी पानी की कमी को लेकर कई गांवों के किसानों का शिष्टमंडल आया था। उन्होंने बताया की विभाग की नहर पर बने 278 हैड पर पानी की उपलब्धता कम है। उनके द्वारा जो निर्धारित मात्रा में पानी मांगा गया था पानी उससे कम मिल रहा है। उपमंडल की दो टेलों में पानी कम मात्रा में जा रहा है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अधिकारियों को समस्या से अवगत करवा कर दूसरी नहरों से 11 सौ क्युसिक पानी सिरसा पैरलल नहर में एडजेस्ट करवाया जा रहा है। दो दिन के भीतर नहर में पानी आ जाएगा।

# कलायत:जागरूक नागरिक मंच ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** एसडीएम कार्यालय स्टेनों संजय कुमार को ज्ञापन सौंपते कलायत जागरूक नागरिक मंच के सदस्य।

राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली में अनियमितताओं, पेपर लीक की घटनाओं व शिक्षा प्रथा में सुधार की मांग को लेकर कलायत जागरूक नागरिक मंच द्वारा एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। संस्था सदस्य अजय आशू व जसविंद्र सिंह जस्सी ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) देश भर में अनेक महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन करती है। प्रश्नपत्रों की छपाई से लेकर परीक्षा केंद्रों के संचालन तक की प्रक्रियाओं में अनेक निजी कंपनियों को ठेके दिए जाते हैं। इन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता व जवाबदेही की कमी के कारण आयोजक कंपनियों की भूमिका पर गंभीर प्रश्न उठते रहे हैं। इससे शिक्षा माफियाओं, नौकरशाहों राजनीतिक संरक्षण प्राप्त तत्वों की मिलीभगत की आशंकाएं भी सामने आती हैं। परीक्षा प्रणाली में सुधारों और छात्रों की मांगों को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर शांतिपूर्वक भूख हड़ताल कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक व अन्य को दिल्ली पुलिस द्वारा जबरन हिरासत में लिया जाना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

**सार्वजनिक परीक्षा प्रणाली विकसित की जाए**

कहा कि कलायत जागरूक नागरिक मंच मांग करता है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को उनकी प्रशासनिक विफलताओं की जिम्मेवारी तय करते हुए उन्हें पद से बर्खास्त किया जाए। भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक व अन्य छात्रों की न्यायोचित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए। पेपर लीक व परीक्षा संबंधी भ्रष्टाचार में संलिप्त शिक्षा माफियाओं, अधिकारियों व दोषियों विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर कठोर कानूनी कार्यवाही की जाए। परीक्षा संबंधी अनियमितताओं एवं उससे उत्पन्न मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए। शिक्षा के निजीकरण, व्यापारीकरण व सांप्रदायिकरण पर प्रभावी रोक लगाई जाए। शिक्षा को मौलिक अधिकार घोषित किया जाए और देश के सभी नागरिकों के लिए समान एवं सुलभ शिक्षा की व्यवस्था की जाए। स्कूली शिक्षा को पूर्णतः निशुल्क व उच्च शिक्षा को सुलभ एवं कम खर्चीला बनाया जाए। परीक्षा संचालन में लगातार विफल रही राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को भंग कर एक पारदर्शी, जवाबदेही एवं सार्वजनिक परीक्षा प्रणाली विकसित की जाए। कलायत मांग करता है कि राष्ट्रपति हमारी मांगों पर गंभीरतापूर्ण विचार करते उचित कार्रवाई हेतु संबंधित मंत्रालय एवं सरकार को आवश्यक दिशा निर्देश देंगी।

# बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया जोर

- मनोनीत पार्षद बलविंदर जांगड़ा के निवास पर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन



**सीवन।** आयोजित पटवार खाना भाजपा शक्ति केंद्र की बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता बलविंदर जांगड़ा कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

पटवार खाना भाजपा शक्ति केंद्र की बैठक वरिष्ठ भाजपा नेता, मनोनीत पार्षद एवं सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन बलविंदर जांगड़ा के निवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुकेश जांगड़ा ने की। बैठक में युवा भाजपा नेता बलविंद्र जांगड़ा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल राणा नंबरदार विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बलविंदर जांगड़ा ने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार बूथ स्तर का कार्य है। प्रत्येक कार्यकर्ता को जनसंपर्क बढ़ाते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जनता और संगठन के बीच मजबूत कड़ी की भूमिका निभाते हैं। यशपाल राणा नंबरदार ने कहा कि शक्ति केंद्र की बैठकें कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करती हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

### सरकार पर आवाज दबाने का लगाया आरोप

**पूंडरी।** मंगलवार को प्रस्तावित किसान महापंचायत से पहले सोमवार को पूंडरी में पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी गुट) के दो पदाधिकारियों को हिरासत में ले लिया। किसान यूनियन के युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना तथा हल्का अध्यक्ष गुरनाम फरल को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब किसान भवन में दिल्ली जाने की रणनीति पर चर्चा के बाद वे अन्य किसानों के साथ बाहर निकल रहे थे। किसान यूनियन के कार्यकर्ता किसान भवन में एकत्रित हुए थे, मंगलवार को दिल्ली में आयोजित होने वाली किसान महापंचायत में शामिल होने को लेकर विचार-विमर्श चल रहा था। इसी दौरान कैथल से सीआईए की टीम और स्थानीय पुलिस बल किसान भवन पहुंच गया। बैठक समाप्त होने के बाद जैसे ही किसान दिल्ली के लिए रवाना होने लगे, पुलिस ने कार्रवाई करते विक्रम कसाना और गुरनाम फरल को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई।

# हरियाणा कला परिषद की 15 दिवसीय लोक नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



**कैथल।** ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल में कार्यशाला में प्रशिक्षण लेती छात्रा। *फोटो :हरिभूमि*

हरियाणा कला परिषद, कुरुक्षेत्र के सौजन्य से ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल में सोमवार को 15 दिवसीय लोक नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला 20 जुलाई से 3 अगस्त 2026 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें विद्यार्थियों को हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति, लोकगीतों और पारंपरिक लोक नृत्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला का शुभारंभ नृत्य विशेषज्ञ डॉ. विकास गुप्ता तथा पूर्व जिला खेल अधिकारी जसवंत सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यशाला का आयोजन हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी के दिशा-निर्देशों में किया जा रहा है। इस अवसर पर ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणवी लोक नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। भजन प्रस्तुति के दौरान बच्चों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया, जबकि कलाकारों की शानदार अदाकारी ने उपस्थित दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्राचार्य अंजू ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कला एवं संस्कृति से जुड़े आयोजनों को सदैव प्रोत्साहित करता है।

# जर्जर सड़क पर सुरजेवाला का वार बोले-ये प्रदेश सरकार का विकास

- लोगों को रोजाना भारी परेशानी झेलनी पड़ रही



**राजौंद।** कार्यकर्ताओं के साथ रणदीप सिंह सुरजेवाला। **फोटो : हरिभूमि**

**राजौंद।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला ने राजौंद की मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह सड़क राजौंद के लोगों के लिए नर्क बन चुकी है, जबकि सरकार विकास की गंगा बहाने के दावे कर रही है। सुरजेवाला रविवार को राजौंद निवासी एवं हरियाणा के पूर्व वरिष्ठ डिप्टी एडवोकेट जनरल रणधीर सिंह राणा की माता सरफी देवी (लगभग 85 वर्ष) के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे थे। मुख्य मार्ग से गुजरते समय सड़क की हालत देखकर सुरजेवाला ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सड़क पर पड़े हुए पत्थर राहगीरों के साथ नगर के लोगों के लिए परेशानी बने हुए हैं, जिससे लोगों को रोजाना भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है और हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।उन्होंने तंज कसते हुए कहा, अगर यही विकास है तो फिर बदहाली किसे कहेंगे।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ सभी अभिलेख पूर्ण रूप से व्यवस्थित रखे जाए

- निपुण हरियाणा 2 .0 को लेकर राजौंद में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



**राजौंद।** बैठक को संबोधित करते खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन व उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारी। **फोटो : हरिभूमि**

शिक्षा विभाग के प्रमुख कार्यक्रम 'निपुण हरियाणा 2.0' के तहत 20 जुलाई को राजौंद खंड में खंड स्तरीय क्रियान्वयन इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन ने की।

बैठक में खंड के सभी समूह संसाधन समन्वयक, खंड संसाधन व्यक्ति, विद्यालय मुखिया तथा सहायक खंड संसाधन समन्वयक ने भाग लिया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक जानकारी साझा करते हुए बताया कि शिक्षा विभाग के कार्यों को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त, कैथल को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अब पूरे जिले का शिक्षा विभाग उनके मार्गदर्शन में कार्य करेगा।

सभी विद्यालय मुखियों को निर्देश देते कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ विद्यालयों के सभी अभिलेख पूर्ण रूप से अद्यतन व व्यवस्थित रखे जाएं। विशेष रूप से जोर दिया कि विभाग को भेजा जाने वाला कोई भी आंकड़ा अनुमान के आधार पर न हो, बल्कि पूरी तरह सत्यापित एवं सटीक होना चाहिए।



**राजौंद।** महाराणा प्रताप चौक के पास मौके पर एकत्रित हुए दुकानदार।

# दो दुकानों के शटर तोड़कर नकदी सामान चोरी, पुलिस जांच में जुटी

- क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही



**राजौंद।** महाराणा प्रताप चौक के पास टूटा हुआ दुकान का शटर।

**राजौंद।** शहर के महाराणा प्रताप चौक व जींद मोड़ के पास दोनों दुकानों से अज्ञात चोरों ने देर रात सेंध लगाकर हजारों रुपये के सामान नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोर दुकान का शटर और ताला तोड़कर अंदर घुसे और कपड़े, नगदी तथा नोटों के हार चोरी करके फरार हो गए। इस बारे दुकानदार गांव सिंबल वाली खेड़ी निवासी सत्यवान ने बताया कि सुबह करीब 3:15 बजे पुलिस की पीसीआर टीम ने उन्हें फोन कर सूचना दी कि उनकी दुकान का शटर और ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ था और अंदर रखा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि दुकान से कपड़े, नकदी और नोटों के हार चोरी हो चुके हैं।घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इसके अलावा जींद मोड़ के पास डायरी के मालिक गांव बीर बांगड़ निवासी शुभम भट्ट ने बताया कि सुबह 7 बजे जब वह दुकान पर आया तो उसे शटर टूटा हुआ मिला। उसने बताया कि चोर शटर तोड़ कर अंदर घुसे और अंदर रखे गल्ले का ताला तोड़कर रखी 30 हजार की नकदी ले गए।

**शिविर** | **समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं**

> सभी मूलभूत सुविधाएं बिना किसी बाधा के आमजन को उपलब्ध हों

# अच्छे व्यवहार के साथ समयबद्ध तरीके से करें शिकायतों का निस्तारण : मनीष यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे तथा बिजली, पानी सहित सभी मूलभूत सुविधाएं बिना किसी बाधा के आमजन को उपलब्ध हों। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों के साथ अच्छा व्यवहार करें, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। सोमवार को उपमंडल कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की और मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसडीएम ने कैथल-चीका मार्ग के मरम्मत कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 17 लाख रुपये की लागत से सड़क पर पैचवर्क का कार्य पूरा कर लिया गया है। खुशहाल माजरा गांव में सड़क संबंधी शिकायत पर एसडीएम ने नगर पालिका अधिकारियों को शीघ्र सड़क दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

**तत्काल कार्य करवाने के निर्देश**

उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों को शहीदी स्मारक की नियमित साफ-सफाई कराने तथा जहां मरम्मत की आवश्यकता है वहां तत्काल कार्य करवाने के निर्देश भी दिए। सलेमपुर वार्ड-10 की निवासी जीतो रानी ने परिवार पहचान पत्र में आय अधिक दर्ज होने से पात्र योजनाओं का लाभ न मिलने की शिकायत रखी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने संबंधित कर्मचारियों को अपनी सरकारी गाड़ी से मौके पर भेजकर तत्काल सर्वे करवाया और निर्देश दिए कि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए।

**पेंशन शुरू होने पर जताया आभार**

गुहला निवासी राम सिंह ने समाधान शिविर में पहुंचकर एसडीएम मनीष कुमार यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि लंबे समय से सभी दस्तावेज पूरे होने के बावजूद उनकी पेंशन शुरू नहीं हो रही थी। पिछले सप्ताह समाधान शिविर में शिकायत देने के बाद एसडीएम के निर्देशों पर संबंधित विभाग ने कार्रवाई की और उनकी पेंशन शुरू हो गई। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं।

**BHAGWAN PARSHURAM COLLEGE OF EDUCATION**
BALI BRAHMANAN, GOHANA (SONEPAT) 131301
Contact: 9254355937, 9812913510

REQUIRES
- Principal-01
- Lecturer in Education-04
- Lect. In Pedagogy Subject-08
- Fine Art-01
- Physical Education-01
- Music-01
- Librarian-01
- Lab. Assistant-01
- Office cum Accounts Asst./Clerk-01
- Computer Operator-01
- Store Keeper-01
- Technical Assistant-01
- Lab Attendant-02
- Peon-01

Qualification and Salary as per new norm of NCTE/MDU/CRSU/State Govt./UGC
All eligible candidates may send their resume along with self attested photocopies of all document within 21 days of advertisement. A copy of the application is also to be send to DECT office of CRSU, Jind Email: bpreducationcollege@gmail.com
Website:-www.bpcedu.com PRESIDENT

## खबर संक्षेप

### आईवाईएफ ने लगाया हेल्प डेस्क

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ;सीआरएसयूद्ध में द्वितीय मेरिट सूची जारी होने के बाद प्रवेश प्रक्रिया के लिए पहुंचे विद्यार्थियों की सुविधा के लिए इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट (आईवाईएफ) ने सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में हेल्प डेस्क लगाया। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष एवं छात्र नेता अमित आदिवाल के नेतृत्व में लगाए गए इस हेल्प डेस्क पर विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी हर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई।

### बिजली निगम का खुला दरबार बना औपचारिकता

**पूंडरी।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के तुरंत समाधान के लिए सोमवार को बिजली निगम कार्यालय में आयोजित निगम के उपभोक्ता फोरम का खुला दरबार इस बार औपचारिकता बनकर रह गया। निर्धारित समय से करीब एक घंटे की देरी से शुरू हुई सुनवाई में केवल 6 शिकायतें ही पहुंचीं, लेकिन इनमें से एक भी शिकायत का मौके पर समाधान नहीं हो सका। इन मामलों में संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब कर अगली कार्रवाई का भरोसा देकर उन्हें वापस भेज दिया गया। निगम की उपभोक्ता फोरम में अध्यक्ष योगराज, फाइनेंस कमेटी के सदस्य तरुण गुप्ता व अमोलक सिंह शामिल रहे।

### कल सुबह 11 बजे होगी दिशा की बैठक

**कैथल।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश राविश ने बताया कि 22 जुलाई को सुबह 11 बजे लघु सचिवालय के सभागार में दिशा की बैठक आयोजित की जाएगी। इसकी अध्यक्षता सांसद नवीन जिंदल करेंगे। बैठक में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

### सेवा संघ 2 अगस्त को मनाएगा स्थापना दिवस

**कैथल।** सेवा संघ संस्था की 47वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. शिव शंकर पाहवा के मार्गदर्शन में महासचिव अशोक भारती की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 2 अगस्त को आयोजित होने वाले स्थापना दिवस समारोह की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियाँ सदस्यों को सौंपी गईं।

### 21 व 28 जुलाई को लगेगी बिजली अदालत

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के अधीक्षक अभियंता भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निपटारे के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण बिजली अदालत (फोरम) की बैठक प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाती है। यह बिजली अदालत 21 व 28 जुलाई को एसई (ऑपरेशन) सर्कल, यूएचबीवीएन, कैथल कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी।

## पीजी दाखिले के लिए 26 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

# आज यूजी प्रथम वर्ष की पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट होगी जारी

### 42 गांवों की छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सुविधा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए फ्री कोचिंग भी


उचाना। राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना। फोटो : हरिभूमि


जींद। आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया तेज फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दाखिला कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. राजेश श्योकंद ने बताया कि स्नातकोत्तर (एमए इतिहास एवं राजनीतिक विज्ञान) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 26 जुलाई निर्धारित की गई है। स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि यूजी प्रथम वर्ष (बीए, बीकॉम, बीएससी लाइफ साइंस एवं फिजिकल साइंस) की पहली प्रोविजनल मेरिट सूची 21 जुलाई को जारी होगी। पहली फाइनल मेरिट सूची 22 जुलाई को लगेगी, जिसमें चयनित विद्यार्थी 27 जुलाई तक फीस जमा करा सकेंगे। दूसरी मेरिट सूची 29 जुलाई को जारी होगी और इसके चयनित अभ्यर्थी 3 अगस्त तक फीस जमा कर सकेंगे। 4 अगस्त को फिजिकल काउंसलिंग होगी।

इसके बाद 5 से 12 अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस तथा 13 से 19 अगस्त तक 100 रुपये के साथ प्रतिदिन 100 रुपये अतिरिक्त लेट फीस देकर दाखिला लिया जा सकेगा। वहीं पीजी प्रवेश के लिए 28 जुलाई तक दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन होगा, जबकि 30 जुलाई को पहली मेरिट सूची जारी की जाएगी। चयनित विद्यार्थी 2 अगस्त तक फीस जमा करा सकेंगे। 3 अगस्त को फिजिकल काउंसलिंग होगी तथा 4 से 11 अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दोबारा आवेदन का अवसर मिलेगा।

डॉ. श्योकंद ने बताया कि बीए, बीकॉम, बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा एमए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के दाखिले भी शुरू हो चुके हैं। 24 जुलाई तक बिना लेट फीस प्रवेश मिलेगा। 25 से 31 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस तथा 1 से 7 अगस्त तक 100 रुपये के साथ प्रतिदिन 100 रुपये अतिरिक्त लेट फीस के साथ दाखिला लिया जा सकेगा।

### आईटीआई में प्रवेश की प्रक्रिया हुई तेज

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया तेज हो गई है। विभाग द्वारा जारी पहली मेरिट सूची के बाद आईटीआई ब्वाय व आईटीआई महिला दोनों संस्थानों में कुल 179 अभ्यर्थियों ने दाखिला सुनिश्चित किया है। इनमें राजकीय आईटीआई जींद में 81 तथा राजकीय महिला आईटीआई जींद में 98 अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया है। आईटीआई प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने बताया कि प्रथम मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज सत्यापन की अंतिम तिथि 21 जुलाई तथा द्धक्तीस जमा कराने की अंतिम तिथि 22 जुलाई निर्धारित की गई है। चयनित विद्यार्थियों को समय पर सूचना उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल संदेश और द्धक्तोन कॉल के माध्यम से भी संपर्क किया जा रहा है ताकि कोई भी अभ्यर्थी समय सीमा से वंचित नहीं रहे। प्रथम चरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 23 जुलाई को रिक्त सीटों की सूची जारी की जाएगी। इसके बाद अभ्यर्थियों को 26 जुलाई तक अपने पसंदीदा ट्रेड में संशोधन का अवसर मिलेगा। संशोधित विकल्पों के आधार पर 28 जुलाई को दूसरी मेरिट सूची जारी की जाएगी। दूसरी सूची में चयनित अभ्यर्थियों को 31 जुलाई तक दस्तावेज सत्यापन तथा एक अगस्त तक फीस जमा करानी होगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया को विद्यार्थियों के लिए सरल और सुगम बनाने के उद्देश्य से संस्थान में विशेष हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। यहां प्रशिक्षित कर्मचारी प्रवेश संबंधी सभी प्रकार की जानकारी और तकनीकी सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील की कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी कर अपनी सीट सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इस साल राजकीय आईटीआई जींद में इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (सीओपीए), इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक और फिटर ट्रेडों में सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं राजकीय महिला आईटीआई जींद में सीओपीए, कॉस्मेटोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, ड्राफ्ट्समैन सिविल और सिलाई टेक्नोलॉजी ट्रेड छात्राओं की पहली पसंद बने हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि कई ट्रेडों में सीमित सीटों की तुलना में अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ी है। यह तकनीकी शिक्षा के प्रति युवाओं के बढ़ते रुझान का सकारात्मक संकेत है।

## न्यूज डायरी



### 21 जुलाई को दिल्ली में ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन

**राजौंद।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के आह्वान पर गांव जाखौली में किसान नेता मनीराम मलिक के निवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 21 जुलाई को दिल्ली स्थित किसान घाट पर भारत-अमेरिका प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में होने वाले विशाल किसान प्रदर्शन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही अधिक से अधिक किसानों से दिल्ली पहुंचकर आंदोलन में भाग लेने की अपील की गई।बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष महाबीर चहल नरड़ ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों, पशुपालकों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों की लगातार अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि भारत-अमेरिका ट्रेड डील लागू होती है तो इसका सबसे अधिक नुकसान किसानों, डेयरी व्यवसाय से जुड़े लोगों, छोटे व्यापारियों और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को झेलना पड़ेगा।



### पूंडरी मार्ग बदहाल, गड्ढे देते हैं हादसे को दावत

**राजौंद।** शहर के पुंडरी मार्ग पर महाराणा प्रताप चौक से लेकर पूर्व विधायक सतविंदर राणा की कोठी तक सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। सड़क जगह-जगह से टूटी हुई है और गहरे गड्ढों के कारण यहां हर समय दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है।इस मार्ग की खास बात यह है कि यहां दोनों ओर निजी स्कूल स्थित हैं, जहां रोजाना सैकड़ों विद्यार्थी आते-जाते हैं। साथ ही सड़क के किनारे पूरी मार्केट भी है, जिससे दिनभर यातायात का दबाव बना रहता है। खराब सड़क के कारण दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है और ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इसी मार्ग पर एक सरकारी बैंक भी स्थित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपने काम के लिए पहुंचते हैं। लेकिन टूटी सड़क और गड्ढों के चलते लोगों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही है।




### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के प्रति किया जागरूक

**अलेवा।** गांव नगूरां में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढाओ पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। इस दौरान लोगों को कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाने के अलावा बेटियां हैं कुदरत का अनमोल उपहार, मत छीनों इनके जीने का अधिकार नामक स्लोगनों से जागरूक किया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में बेटी बचाओ, बेटी पढाओ कार्यक्रम हरियाणा के पानीपत जिले से चलाया गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं के अस्तित्व, सुरक्षा और शिक्षा को बढावा देना है। इस योजना के तहत सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना और आपकी बेटी-हमारी बेटी योजनाएं लागू की गई। इसके अलावा पीएनडीटी अधिनियम लागू किया गया है।



### अंडर-19 फुटबॉल स्पर्धा में मंगलपुर की टीम विजयी

**उचाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन एसडीएम उचाना रमित यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में किया, जबकि बीईओ ओम प्रकाश आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। लड़कों की अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता में जीएमएसएसएसएस उचाना कलां का मुकाबला जीएसएसएस मंगलपुर के बीच हुआ। मंगलपुर की टीम 3-0 से जीती। रमित यादव ने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और समर्पण के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। ओम प्रकाश आर्य ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में सक्रिय भागीदारी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। प्रधानाचार्य अशोक नैन ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

### मनोकामना पूर्ति के लिए श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**उचाना।** सोमवार को शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि तथा मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। उचाना कलां के प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा, भांग, फल और पुष्प अर्पित किए। पुजारी राजू ने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए आते हैं, लेकिन सोमवार के दिन श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की अपेक्षा काफी अधिक रहती है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की सच्ची श्रद्धा और भक्ति से पूजा करने पर भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 29 को

**कैथल।** जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन 29 जुलाई को प्रात 9 बजे आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में किया जाएगा। इस बैठक में हरियाणा के कृषि एवं कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य मंत्री श्री श्याम सिंह राणा लोगों की समस्याएं सुनेंगे और मौके पर ही समाधान करेंगे। इसलिए सभी अधिकारी निर्धारित समय पर बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करें। यह जानकारी डीसी अपराजिता ने दी।

### युवा संसद स्पर्धा में दिया लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संदेश

**सीवन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैर में खंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एससीईआरटी हरियाणा के जनसंख्या शिक्षा अनुभाग के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी एवं डायट प्राचार्य प्रमोद कुमार राणा के नेतृत्व में आयोजित हुआ।कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुमारी चेतना ने अध्यक्ष, कुमारी सिमरन ने महासचिव तथा कुमारी कोमल ने प्रधानमंत्री की भूमिका निभाई। युवा सांसदों ने एथेनॉल नीति, नीट पेपर लीक, मेरिट व्यवस्था, किसानों की स्थिति तथा राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर विचार रखे।

## जींद की साक्षी ने किया राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। प्रतियोगिता में निशाना लगातीं साक्षी।

देहरादून में 13 से 20 जुलाई तक आयोजित जसपाल राणा मेमोरियल ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना की प्रतिभाशाली निशानेबाज साक्षी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सब यूथ पिस्टल वर्ग में राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय और जिले में खुशी का माहौल है। साक्षी की सफलता पर इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के कोऑर्डिनेटर प्रवीण परूथी, इंडस ग्लोबल अकादमी के प्राचार्य डा. संजीव तायल तथा हेडमास्टर जेएस सारंग ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि खेलों में सफलता के लिए प्रतिभा के साथ समर्पण और निरंतर प्रयास भी जरूरी होते हैं। साक्षी ने अपनी लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह साबित किया है कि मेहनत का फल हमेशा मिलता है। उन्होंने विश्वास जताया कि साक्षी राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर संस्थान, जींद जिले और हरियाणा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगी।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से आ रहा है सकारात्मक बदलाव


पूंडरी। जागरूक करती आशा वर्कर। फोटो : हरिभूमि

**पूंडरी।** उप ब्लॉक पुण्डरी के क्षेत्र में माननीय सिविल सर्जन महोदया रेणु चावला जी के आदेशो पर व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डा. मेहश जी (सामु. स्वा. केंद्र पुण्डरी) में निर्देश पर गांव सिरसल में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में आज सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों व आंगनवाड़ी वर्कर आशा वर्कर द्वारा सयुंक्त रूप में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि बेटियां परिवार समाज, और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है उन्हें शिक्षा, सुरक्षा, और समान अवसर प्रदान करना हम सभी का नैतिक एवं समाजिक दायित्व है। भारत सरकार द्वारा संचालित, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का उदेश्य बालिकाओ के प्रति सकारात्मक सोच विकशित करना, लिंगानुपात में सुधार लाना तथा बालिकाओ को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है।


पूंडरी। सामाजिक एकता को लेकर विचार व्यक्त करते हलका पूंडरी के प्रधान प्रमोद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### संस्कार और शिक्षा से मजबूत होगा समाजः प्रमोद

**पूंडरी।** सर्व ब्राह्मण सभा हलका पूंडरी के प्रधान प्रमोद शर्मा (फतेहपुर) ने कहा कि समाज की वास्तविक उन्नति केवल शिक्षा, संस्कार, सामाजिक एकता और युवा शक्ति के सकारात्मक योगदान से ही संभव है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर सेवा, सहयोग और संगठन की भावना को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सर्व ब्राह्मण सभा समाज के उत्थान के साथ-साथ जनकल्याण के कार्यों में भी निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है। क्षेत्र में भगवान परशुराम जयंती सहित सामाजिक आयोजनों में भी सभा की सक्रिय भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाए, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की हरसंभव सहायता की जाए तथा युवाओं को शिक्षा, रोजगार और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया जाए। समाज के वरिष्ठजनों के अनुभव और युवाओं की ऊर्जा को साथ लेकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा।

## खंड स्तरीय युवा संसद स्पर्धा में सांसदों ने ज्वलंत मुद्दों पर की चर्चा

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैर में हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। खंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैर में खंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य नरेश कुमार द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में नौवीं से बारहवीं कक्षा के लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें कुमारी चेतना ने अध्यक्ष, कुमारी सिमरन ने महासचिव व कुमारी कोमल ने प्रधानमंत्री की भूमिका निभाई। इसमें युवा सांसदों ने ज्वलंत मुद्दों जैसे एथेनॉल, बढ़ते नशे के खिलाफ, नीट पेपर लीक, मेरिट सिस्टम के खिलाफ बढ़ते दावे, किसानों के बुरे हालात व देश की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला। प्रवक्ता राजनीति विज्ञान राजेश राजराणा ने कहा कि युवा संसद विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था, संसदीय परंपराओं एवं संवैधानिक मूल्यों को समझने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करती है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में रघुबीर सिंह, राज कुमार, देवेंद्र कुमार, सुमन लता तथा निर्मला सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोपी काबू


कैथल। ठगी का आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस ने पुलिस विभाग में डीसी रेट पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर युवती से ठगी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी कलायत रोहताश ने बताया कि गांव सजूमा निवासी एक युवती की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार बलिंदर निवासी बड़ौदा, जिला जींद ने स्वयं को पुलिस में बताते हुए उसे पुलिस विभाग में डीसी रेट पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोपी ने आवेदन फार्म, पुलिस क्लियरेंस सर्टिफिकेट, वर्दी तथा अन्य औपचारिकताओं के नाम पर अलग-अलग किस्तों में 15,700 रुपये ठग लिए। इतना ही नहीं, आरोपी ने नौकरी लगने के बाद हर महीने वेतन में से 5,000 रुपये देने की भी शर्त रखी। बाद में जब शिकायतकर्ता पुलिस लाइन कैथल पहुंची तो उसे पता चला कि आरोपी कोई पुलिस अधिकारी नहीं है, बल्कि पुलिस विभाग में वॉटर कैरियर के पद पर कार्यरत है। इसके बाद शिकायत के आधार पर थाना कलायत में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की जांच थाना कलायत के एसएचओ एसआई अमन के नेतृत्व में एएसआई सुखदेव द्वारा करते हुए आरोपी बलिंदर निवासी बड़ौदा, जिला जींद को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से मामले से संबंधित दस्तावेज भी बरामद किए गए।

### एसडीएम ने एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट जमा करवाने के दिए निर्देश

# पार्षद प्रतिनिधि ने लगाए नाले के निर्माण में धांधली के आरोप

### एसडीएम मनीष कुमार ने किया मौका मुआयना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला चीका


गुहला-चीका। पार्षद प्रतिनिधि एसडीएम से वार्ता करते हुए।


गुहला-चीका। उखड़ा पड़ा नाला।

वार्ड नंबर छह के पार्षद प्रतिनिधि संभालू जिंदल ने नगरपालिका के अधिकारियों पर देवी लाल पार्क के सामने नाले के निर्माण में धांधली करने के आरोप लगाए है। इन आरोपों की जांच के लिए आज एसडीएम मनीष कुमार ने मौके का मुआयना किया और पूरी स्थिति को देखा। संभालु जिंदल ने आरोप लगाया है कि नगरपालिका के अधिकारियों ने वर्षों पुराने नाले और उसकी स्लैब को कागजों में नया निर्माण दिखा दिया। इस काम पर वास्तविक खर्च मात्र 1 लाख रुपये आना था जबकि 11 लाख रुपये का बिल तैयार कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। संभालु जिंदल ने कहा है कि इस घोटाले की उन्होंने कई बार एसडीएम गुहला, डीएमसी कैथल से लेकर महानिदेशक शहरी स्थानीय निकाय पंचकूला व सीएम विंडो में शिकायतें भेजी हैं, लेकिन अब तक किसी भी अधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। बार बार शिकायत करने के बाद सोमवार को एसडीएम मुनीष कुमार यादव ने सीएम विंडो एनिमेटपर्सन रमेश कुमार सैनी व महेंद्र सिंह चीका के साथ मौके का मुआयना किया। संभालू जिंदल ने आरोप लगाया कि नगरपालिका द्वारा नाले का नया निर्माण नहीं करवाया गया, बल्कि वर्षों पुराने नाले और स्लैब को ही नया दर्शाकर ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों ने सरकारी राशि का गबन किया है। शिकायतकर्ता का दावा है कि उनके पास ऐसे दस्तावेज, फोटो सहित अन्य प्रमाण मौजूद हैं, जिनसे स्पष्ट होता है कि जिस नाले और स्लैब को सरकारी रिकॉर्ड में नया निर्माण दर्शाया गया है।

#### चल रही है जांच

शिकायत के बाद आज देवी लाल पार्क के सामने बने नाले का मुआयना किया गया है। मामले की पहले से ही जांच चल रही है, नगरपालिका अधिकारियों को शुक्रवार तक जांच रिपोर्ट जमा करवाने के निर्देश दिए गए है। जांच में जो भी बातें सामने आएगी आगे उसी के अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। **-मनीष कुमार यादव, एसडीएम गुहला।**

#### कूड़े से भरा है नाला

लोगों ने बताया कि नाला गंदगी से अटा पड़ा है, यदि बरसात होती है तो गंदा पानी सडकों के ऊपर बहने लगेगा। दुकानदारों ने खुले पड़े नाले की तरफ भी एसडीएम का ध्यान आकर्षित किया। जांच के लिए एसडीएम के साथ मौके पर गए सीएम विंडो एनिमेटपर्सन रमेश सैनी व महेंद्र चीमा ने भी नाले की बदतर हालत पर एसडीएम से चर्चा की और इसी सफाई व रखरखाव पर तुरंत ध्यान देने की मांग की।